# **मकर** राशि फल वर्ष २०२६

**मकर राशि :** वर्ष पर्यन्त मीन राशि से शनि का गोचर स्वास्थ सम्बन्धी समस्याये देगा। रोगग्रस्त होगे। कार्यो में असफलता मिलेगी। धन हानि होगी। अपेक्षित लाभ में कमी आयेगी। नौकरी मिलने में समय लगेगा। आचरण सात्विक रहेगा। वर्षारम्भ से गुरु गोचर में मन अनेक कारणो से शोक ग्रस्त रहेगा। धन की कमी अनुभव होगी। घरेलू वातावरण में एक अजीब प्रकार की उदासीनता रहेगी। पारिवारिक सदस्यो से मतभेद होगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। विरोधियो का वर्चस्व बढ़ेगा। शार्ट सर्किट तथा अग्निकांड़ो के प्रति सचेत रहे। 02 जून से कर्क से गोचर में गुरु में शासकीय प्रतिष्ठा मिलेगी परन्तु राजकर्मियो से अनबन रहेगी। आरोग्य उत्तम रहेगा। बुद्धि चातुर्य देखते ही बनेगा। विवाह आदि उत्सवो का आंनद मिलेगा। शुभ कार्य के लिये यात्रा करेगे। दाम्पत्य जीवन तथा सन्तान सुख मिलेगा। परन्तु कैश फ्लो गड़बड़ायेगा। धन होते हुए भी धन की कमी अनुभव होगी। 31 अक्तूबर मध्यान्ह से सिंह के गोचर में मन प्रसन्न रहेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। स्वभाव में सौम्यता रहेगी। राजकीय लाभ मिलेगा। शासन –सत्ता पक्ष से लाभान्वित होगे। पद – प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सफल यात्राये होगी। कष्टो का निवारण होगा।

**जनवरी :** स्वास्थय में सुधार होगा। ह्रदय रोग का भय दूर होगा। शल्य क्रिया आपरेशन अथवा चोट लगने से बचाव होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। घर परिवार का सुख मिलेगा। सज्जनो, मित्रो तथा सम्बन्धियो का सहयोग मिलेगा। असामाजिक तत्वो से छुटकारा मिलेगा। उपद्रव समाप्त होगे। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। इच्छित कार्य सफल होगे। अच्छी सफलता मिलेगी। सफल यात्राये होगी। स्वभाव में सौम्यता आयेगी। सुखोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा।

शुभ दिन **:** 02, 06, 08, 11, 18, 21, 23, 25, 29,

अशुभ दिन **:** 04, 13, 16, 27, 31

**फरवरी :** कार्यो में अपेक्षित सफलता का संतोष रहेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। पाचन सम्बन्धी रोगो तथा आंखो की पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। पारिवारिक सुख सोहार्द्र का सुख मिलेगा। श्वेत खाद्य पदार्थो, चावल, दूध आदि के व्यापारियो को अच्छा लाभ मिलेगा। सत्कर्मो में रुचि बनेगी। पढ़ाई में मन लगेगा। शिक्षा में अपेक्षित प्रगति होगी। परिणाम परिश्रम के अनुरुप रहेगा। मानसिक तथा शारीरिक रुप से सबल रहेगे। दुष्ट व्यक्तियो का साथ छूटेगा। राजकीय सहायता मिलेगी। उधार दिया हुआ अथवा खोया हुआ धन प्राप्त होगा।

VYAS PANCHANG

**शुभ दिन :** 02, 05, 15, 17, 19, 21, 26,

अशुभ दिन : 07, 10, 12,  23, 28

**मार्च:** रोगो से मुक्ति मिलेगी। सुख तथा आनन्द का वातावरण बनेगा। सज्जनो तथा उच्चाधिकारियो से सम्पर्क बनेगे। मित्रो के मध्य मान, सम्मान तथा प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रो के माध्यम से धन लाभ होगा। विरोधी पराजित होगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे। 26 मार्च से स्वभाव में जिद्द तथा अहम बढ़ेगा।  मनमानी करने से हानि होगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा।

शुभ दिन :  02, 10,  14, 16, 18, 21, 25, 29, 31

अशुभ दिन : 04, 09, 11, 23, 27,

**अप्रैल:** कार्यो की असफलता से मन में निराशा पनपेगी। परिश्रम के अनुरुप फल न मिल पाने का कष्ट रहेगा। विरोधियो का वर्चस्व बढ़ेगा। उत्साह तथा उंमग का अभाव रहेगा। मान- पद तथा प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। गिरेगा। तार्किक क्षमता वाद विवाद में परिवर्तित होगी। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियो का कोपभाजन होगे। आत्मविश्वास ड़गमगायेगा। धातुओ के व्यापार में किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी। 14 अप्रैल से मानसिक तथा शारीरिक व्यथा समाप्त होगी। घर परिवार में सुख शांति रहेगी।  व्यसनो से दूर होगे। यात्राओ से लाभ होगा। भू-सम्पत्ति के मामलो में सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

शुभ दिन : 03, 10, 13, 15, 17, 25, 28, 30

अशुभ दिन :  05, 08, 19, 21, 23,

मई : पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ऐश्वर्यपूर्ण  वस्तुओ का संग्रह होगा। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति अर्जित होगी। विधि सम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेगे। रोगो से छुटकारा मिलेगा। 15 मई से मन किसी के प्रति आसक्त होगा। अपव्यय करेगे। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। मन में व्यग्रता रहेगी। मित्रो एवं हितेषियो से असुविधा अनुभव करेगे। वाद विवाद होगे। व्यक्तित्व ह्रास होगा।

शुभ दिन :  10, 12, 14, 23, 25, 27

**अशुभ दिन :** 03, 05, 08, 16, 18, 20, 30

VYAS PANCHANG

**जून:** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय बढ़ेगी। धन-धान्य का लाभ मिलेगा। आरोग्य उत्तम रहेगा। पाचनतंत्र में सुधार होगा। विरोधियो पर प्रभावी नियन्त्रण से स्थिति में सुधार होगा। प्रशासनिक सहयोग प्राप्त होगा। मान, पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मानसिक शांति बनेगी। विधि सम्मत नियमानुकूल कार्य करेगे। मान- प्रतिष्ठा, गौरव बढ़ेगा। विचारो में सात्विकता रहेगी। सन्तान सुख रहेगा। 22 जून से आर्थिक स्थिति कठिन बनेगी। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नही होगा। प्रशासनिक भय रहेगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा।

शुभ दिन : 06, 09, 19, 21, 24,

अशुभ दिन : 01, 04, 11, 13, 15, 17, 26, 29

**जुलाई:** प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओ में सफलता मिलेगी। मनोरंजनो में समय व्यतीत होगा। 16 जुलाई से व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। थका देने वाली यात्राओ से कष्ट रहेगा। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से पीड़ित होगे। धन तथा मान हानि के कारण मन में क्लेश रहेगा। परिवार में मतभेद होगे। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान को किसी रोग से पीड़ा होगी। कार्यो में अपेक्षित सफलता की कमी रहेगी।

शुभ दिन : 04, 06, 08, 16, 21, 23,

अशुभ दिन : 01, 10, 12, 14, 18, 26, 28, 31

**अगस्त:** स्टाटर्सअप तथा बहुमूल्य धातुओ के कार्यो में हानि होगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामलो में प्रतिकूल परिणाम आयेगे। विरोधी मुखर होगे। विवाद बढ़ेगे। मान-प्रतिष्ठा भंग होगी। आनन्दोदत्सव निरस्त होगे। 17 अगस्त से पूर्व कृत कार्यो का लाभ मिलेगा। विरोधियो से समझोता होगा। उच्च अपच, रक्त चाप आदि से मुक्त होगे। शासन -प्रशासन का सहयोग मिलेगा। राजकीय दंड़ से राहत मिलेगी। दाम्पत्य सुख रहेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा।

शुभ दिन : 02, 04, 09, 13, 15, 17, 25, 27,

अशुभ दिन : 07, 11, 20, 22, 29

**सितम्बर :** मिथ्या आरोपो से छुटकारा मिलेगा। धन लाभ होगा। स्वास्थय सुधरेगा। मानसिक शांति मिलेगी। अकारण भय का निवारण होगा। कार्य सम्पन्न करने के लिये किये गये प्रयत्नो में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रियजन से सम्पर्क होगा। वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो का सहयोग रहेगा।

VYAS PANCHANG

18 सितम्बर से सुखोपभोग में कमी आयेगी। अपव्यय होगा। परिवार से मनोमालिन्य रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थय में गिरावट आयेगी। वैचारिक मतभेद से नपुंसक क्रोध जन्मेगा। नेत्र तथा उदर रोगो से पीड़ा होगी।

शुभ दिन : 01, 03, 05, 09, 11, 14, 18, 21, 23, 26, 30

अशुभ दिन : 07, 16, 28,

**अक्तूबर:** वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। सज्जनो के माध्यम से लाभ होगा। किसी प्रतिष्ठितकार्य के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने का आनन्द रहेगा। पदोन्नति होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि रहेगी। पद प्रतिष्ठा तथा मान-सम्मान में वृद्धि होगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। मास के अन्त में रोगो से छुटकारा मिलेगा। स्वभाव में सौम्यता रहेगी। राजकीय लाभ मिलेगा. शासन -सत्ता पक्ष से लाभान्वित होगे। पद - प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सफल यात्राये होगी। कष्टो का निवारण होगा।

शुभ दिन : 02, 06, 10, 13, 16, 18, 21, 23, 27, 29

अशुभ दिन : 04, 09, 25,

**नवम्बर :** कार्य की रुकावट तथा बाधाऐं समाप्त होगी। रोग मुक्त होगे। ऋण मुक्त होगे। धारदार वस्तु से- अक्समात से बचाव होगा। पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। पद प्रतिष्ठा के साथ साथ स्थान लाभ मिलेगा। 16 नवम्बर से वरिष्ठो से विवाद होगा। मांगलिक उत्सव निरस्त होगा। मन खिन्न रहेगा। प्रशासकीय विरोध बढ़ेगा। पद हानि होगी। मानसिक व्यथा एवं शारीरिक पीड़ा करहेगी। शरीर में कमजोरी आयेगी। व्यय बढ़ेगा। महिलाओ के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी.

शुभ दिन : 03, 05, 10, 12, 15, 17, 24, 26,

अशुभ दिन : 01, 20, 22, 28, 30

**दिसम्बर :** पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वर्ग में उन्नति होगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। आर्थिक उन्नति होगी। बन्धु बान्धवो तथा मित्रो से सम्बन्धो में मधुरता आयेगी। स्वास्थय में प्रगति होगी। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से छुटकारा मिलेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। यश तथा मान सम्मान में वृद्धि होगी. योग्य व्यक्तियो को सन्तान प्राप्ति होगी। शुभ कार्यो में प्रवृति रहेगी।

शुभ दिन : 07, 09, 12, 17, 21, 23,

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 02, 04, 14, 19, 25, 27, 29

VYAS PANCHANG